**एड्स को नियंत्रित करने हेतु उपाय**

1153. **प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा :**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अद्यतन प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार देश में कितने व्यक्ति एड्स के रोग से ग्रस्त हैं;

(ख) सन 2000 ईस्वी तक भारत में कितने एड्स के रोगी होने की संभावना है ; और

(ग) सरकार इस रोग पर नियंत्रण रखने हेतु क्या-क्या कदम उठा रही है?

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० सी० सिल्वरा) :** (क) 30 जून, 1994 तक देश में 768 एड्स के रोगियों (जिसमें 18 विदेशी शामिल हैं) की सूचना दी गई है।

(ख) एच०आई०वी० संक्रमण के बारे में कोई अनुमान/प्रक्षेपण मात्र अनुमान ही है और इस बारे में कोई स्पष्ट बयान नहीं दिया जा सकता है।

(ग) इस समय देश भर में एड्स नियंत्रण के व्यापक कार्यक्रम का कार्यान्वयन किया जा रहा है। एड्स की रोकथाम करने की कार्यनीतियों में कार्यक्रम व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण जोखिम के आचरण वाले समूहों और आम जनता में जागरूकता उत्पन्न करना और यौन संचारित रोगों, एचआईवी० की रोकथाम के लिये कंडोम को बढ़ावा देना, रक्त निरापदता और रक्त का युक्तिसंगत उपयोग और निगरानी, रोग-निदान और एच०आई०वी०/एड्स के रोगियों के लिये बेहतर सुविधायें शामिल हैं।

**प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने हेतु राज्यों का अनुरोध**

1154. **श्री गोविन्दराव आदिक :**
**श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिन्दे :**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय सरकार ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने की अनुमति देना बन्द कर दिया है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने हेतु 1 जुलाई, 1994 की स्थिति के अनुसार विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा किये गये अनुरोधों का राज्यवार ब्यौरा क्या है ;

(घ) इन केन्द्रों को खोलने हेतु कब तक स्वीकृति दे दी जायेगी;

(ङ) क्या यह भी सच है कि कुछ राज्य सरकारों ने 1991 की जनगणना के आधार पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का अनुरोध किया है ;

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(छ) सरकार ने इस संबंध में क्या निर्णय लिया है ?

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० सी० सिल्वेरा) :** (क) और (ख) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्यों द्वारा स्थापित किये जाते हैं।

(ग) और (घ) आठवीं पंचवर्षीय योजना तथा 1994-95 के दौरान नये प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने के लिये राज्य/संघ राज्यक्षेत्रवार लक्ष्यों का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है। **(नीचे देखिये)**